वेंकैया नायडू जी का सम्पूर्ण जीवन समाज के कल्याण में समर्पित रहा है:लोक सभा अध्यक्ष

...

एक आम साधारण कार्यकर्ता से लेकर देश के उप राष्ट्रपति पद पर पहुँचने की वेंकैया नायडू जी यात्रा अत्यंत प्रेरणादायी है: :लोक सभा अध्यक्ष

...

लोक सभा अध्यक्ष ने नेल्लोर स्थित स्वर्ण भारत ट्रस्ट के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

...

नेल्लोर, 3 अक्टूबर, 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज नेल्लोर स्थित स्वर्ण भारत ट्रस्ट के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गणमान्य लोगों और अन्य आगुन्तकों को को संबोधित किया।

इस अवसर पर भारत के पूर्व उप-राष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडु और संसद सदस्य भी उपस्थित थे।

यह उल्लेख करते हुए कि स्वर्ण भारत ट्रस्ट के संचालक श्री वेंकैया नायडू जी का सम्पूर्ण जीवन समाज के कल्याण में समर्पित रहा है, श्री बिरला ने कहा कि ट्रस्ट का मूल उद्देश्य कमजोर-वंचित लोगों की सेवा, शिक्षा, महिला उत्थान रहा है। उन्होंने हर्ष व्यक्त किया कि वेंकैया जी   के नेतृत्व में स्वर्ण भारत ट्रस्ट आज कमजोर आर्थिक समूह के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने और युवाओं के लिए सेल्फ एम्प्लॉयमेंट ट्रेनिंग देने का काम कर रहा है।

यह स्मरण करते हुए कि उन्हें वेंकैया जी के अनुभव और ज्ञान से परिचित होने और उनसे बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला है, लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि नायडू जी ने हमेशा युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए अथक प्रतिबद्धता के साथ प्रयास किए हैं। उन्होंने युवाओं को जिम्मेदार बनाने के साथ ही सदैव किसानों और महिलाओं को देश के विकास में भागीदार बनाने की इच्छा रखी है। श्री बिरला ने वेंकैया जी द्वारा महिलाओं, किसानों और वंचित समुदायों को देश की प्रगति में साथ जोड़ने के लिए किये गए प्रयासों की भी सराहना की।

श्री बिरला ने आगे कहा कि वह स्वर्ण भारत ट्रस्ट द्वारा तैयार की गई बुनियादी सुविधाओं को देखकर बहुत प्रभावित हैं और उन्हें विश्वास है कि ट्रस्ट ग्रामीण लोगों को शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाने का अपना यह सार्थक कार्य अनवरत रूप से करता रहेगा । श्री बिरला ने ट्रस्ट के कार्यों - जैसे युवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए व्यावसायिक और कंप्यूटर प्रशिक्षण, किसानों को वैकल्पिक और वाणिज्यिक फसलों की जानकारी, स्थानीय दस्तकारों और कुटीर उद्योगों में काम करने वाली महिलाओं को स्वरोजगार संबंधी प्रशिक्षण, ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य और शिक्षा की उपलब्धता, कौशल निर्माण द्वारा रोजगार सृजन इत्यादि - की सराहना की ।उन्होंने इस बात पर भी प्रसन्नता व्यक्त की कि लॉकडाउन के समय में भी ट्रस्ट ने उल्लेखनीय कार्य किया। विजयवाड़ा और उसके आसपास फंसे प्रवासी मजदूरों तथा जरूरतमंदों की सहायता के लिए ट्रस्ट ने 1200 से अधिक लोगों को मुफ्त भोजन और खाद्य सामग्री के पैकेट मुफ्त वितरित किए। उन्होंने आशा की कि ट्रस्ट की उपलब्धियां उन लोगों के लिए अनुकरणीय मानदंड के रूप में काम करेंगी जो समाज और मानवता की सेवा करना चाहते हैं।

बाद में श्री एम. वेंकैया नायडु के सम्मान में आयोजित एक समारोह में बोलते हुए लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि एक आम साधारण कार्यकर्ता से लेकर देश के उप राष्ट्रपति पद पर पहुँचने की उनकी यात्रा अत्यंत प्रेरणादायी है और यह हमारे नौजवानों को हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। श्री बिरला ने सुझाव दिया कि आज जो युवा समाज और जनसेवा के क्षेत्र में आना चाहते हैं, वो वेंकैया जी से काफी कुछ सीख सकते हैं।

श्री नायडू के प्रभावशाली वक्तव्य कौशल का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि उनकी अभिलाषा सदा ही जन-जन से जुडने की रही है और सम्पूर्ण देश में उनकी यह शैली मशहूर है । उन्होंने बताया कि जब वह कोटा से अपना पहला चुनाव लड़ रहे थे, तब वेंकैया जी ने वहां सभा करके चुनावी माहौल को पूर्णतयाः बदल दिया।

श्री बिरला ने यह भी कहा कि वेंकैया जी अपनी पूरी संसदीय यात्रा के दौरान सभी साथी सांसदों के प्रेरणा के स्रोत्र रहे । विशेषतः संसद के युवा सदस्यों को उनके वक्तव्य कौशल का लाभ मिला है। संबंधित विषय उनके गहन ज्ञान, मर्यादापूर्ण शब्दावली और हाजिर जवाबी ने सभी को बेहद प्रभावित किया है।

दिन के दौरान, बिरला ने कई अन्य कार्यक्रमों में भाग लिया।